<u>*प्रेस विज्ञप्ति*</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रथम अधिष्ठाता डा. एम. आर. ढांडा की प्रतिमा का अनावरण</u>

पंतनगर। 19 जनवरी 2026। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रथम अधिष्ठाता डा. एम. आर. ढांडा की प्रतिमा का अनावरण समारोह महाविद्यालय में आयोजित किया गया। यह प्रतिमा महाविद्यालय के सूचना केंद्र में स्थापित की गई है। प्रतिमा का अनावरण कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस प्रतिमा की स्थापना वर्ष 1960 की प्रथम बीवीएससी बैच के पूर्व छात्रों के सहयोग से संभव हो पाई। इस अवसर पर डा. अमरेश कुमार, पूर्व अधिष्ठाता एवं कुलपति गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर तथा 1960 बैच के डा. डी. सी. शुक्ला एवं डा. वाई. पी. सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय डा. ए. एच. अहमद द्वारा मुख्य अतिथि डा. मनमोहन सिंह चौहान के स्वागत से किया गया। इसके पश्चात सूचना केंद्र में डा. एम. आर. ढांडा की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में डा. ढांडा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के विकास में दिए गए महत्वपूर्ण योगदानों पर प्रकाश डाला एवं एक सुदृढ़ नीव हेतु कृतज्ञता व्यक्त किया। 1960 बैच के पूर्व छात्रों डा. अमरेश कुमार, डा. वाई. पी. सिंह एवं डा. डी. सी. शुक्ला ने डा. ढांडा के सुसंगठित नेतृत्व, उनके बुद्धिमत्ता एवं संस्थान के विजन के ऊपर अपनी स्मृतियों को साझा किया। इस अवसर पर तीनों पूर्व छात्रों को कुलपति द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का समापन संकाय सचिव डा. मंजूल कांडपाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डा. अमन कंबोज, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस समारोह में महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण एवं महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

